-:प्रेस नोट:-

दिनांक- 26.07.2025

कार्यालय पुलिस अधीक्षक बांदा

❖ युवक को डंडों से मारपीट कर गंभीर रूप से घायल करने वाले 02 अभियुक्तों को थाना मटौंध पुलिस द्वारा किया गया गिरफ्तार।

विवरण– पुलिस अधीक्षक बांदा श्री पलाश बंसल के कुशल निर्देशन में जनपद में अपराध एवं अपराधियों पर नियंत्रण लगाये जाने तथा वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु की जा रही कार्यवाही के क्रम में आज दिनांक 26.07.2025 को थाना मटौंध पुलिस द्वारा एक व्यक्ति पर हमला कर गम्भीर रूप से घायल करने वाले 02 अभियुक्तों को किया गया गिरफ्तार। गौरतलब हो कि दिनांक 20.07.2025 थाना मटौंध क्षेत्र के कन्धीपुरवा के रहने वाले रामस्वरुप पुत्र लालू प्रजापति ने डंडों से हमला कर गम्भीर रूप से घायल करने व जान से मारने की धमकी देने के सम्बन्ध में सूचना दी गई थी। इस संबंध में घायल को पिता द्वारा दी गई तहरीर के आधार पर थाना मटौंध पर अभियोग पंजीकृत कर अभियुक्त की गिरफ्तारी के प्रयास किए जा रहे थे। इसी क्रम में आज दिनांक 26.07.2025 को मुखबिर की सूचना पर 02 अभियुक्तों को खड्डी तिराहा पुलिया के पास से गिरफ्तार कर लिया गया।

गिरफ्तार अभियुक्त-

1. बिलासी पुत्र देवीदीन प्रजापति निवासी कन्धीपुरवा कस्बा व थाना मटौध जनपद बांदा।
2. शरद प्रजापति पुत्र सुनील प्रजापति निवासी कन्धीपुरवा कस्बा व थाना मटौध जनपद बांदा।

पंजीकृत अभियोग-

➢ मु0अ0सं0- 226/25 धारा 191(2)/115(2)/109/352/351(2) बीएनएस थाना मटौंध जनपद बांदा।

गिरफ्तार करने वाली टीम-

1. म0उ0नि0 सृष्टि नगायच
2. कां0 संजय सिंह
3. कां0 नीरज आर्य